# सामाजिक विज्ञान

## कक्षा 7

## (इतिहास)

### Chapter 8: अठारहवीं शताब्दी में नए राजनीतिक गठन




**To get notes visit our website**

**mukutclasses.in**

# अभ्यास के प्रश्न

## फिर से याद करें

**प्रश्न 1. बताएँ सही या गलत:**
**(क) नादिरशाह ने बंगाल पर आक्रमण किया।**
**(ख) सवाई राजा जयसिंह इन्दौर का शासक था।**
**(ग) गुरु गोबिंद सिंह सिक्खों के दसवें गुरु थे।**
**(घ) पुणे अठारहवीं शताब्दी में मराठों की राजधानी बना।**
उत्तर: (क) गलत (ख) गलत (ग) सही (घ) सही।

## आइए विचार करें

**प्रश्न 2. अठारहवीं शताब्दी में सिक्खों को किस प्रकार संगठित किया गया?**
उत्तर:

1. अठारहवीं शताब्दी में कई योग्य नेताओं ने सिक्खों को पहले 'जत्थों' में और बाद में 'मिस्लों' में संगठित किया।
2. इन जत्थों और मिस्लों की संयुक्त सेनाएं 'डल खालसा' कहलाती थीं।
3. दल खालसा वैसाखी पर अमृतसर में इक्ट्ठे होते थे।
4. अठारहवीं शताब्दी के अंत में महाराणा रणजीत सिंह ने सिक्खों को संगठित कर लाहौर को राजधानी बनाया।

**प्रश्न 3. मराठा शासक दक्कन के पार विस्तार क्यों करना चाहते थे?**
उत्तर: मराठा शासक दक्कन के पार साम्राज्य का विस्तार करना चाहते थे क्योंकि:
1. साम्राज्य विस्तार से उन्हें संसाधनों का भंडार मिल सके।
2. वे मुगलों का प्रभुत्व समाप्त करना चाहते थे।
3. साम्राज्य विस्तार से उन्हें अधिक भू-राजस्व प्राप्त होता।
4. इससे व्यापार के नए नए मार्ग खुल सकते थे।

MUKUTclasses

**प्रश्न 4. क्या आपके विचार से आज महाजन और बैंकर उसी तरह का प्रभाव रखते हैं, जैसाकि वे अठारहवीं शताब्दी में रखा करते थे?**
उत्तर: हमारे विचार में आज महाजन और बैंकर उस तरह का प्रभाव नहीं रखते, जैसा वे अठारहवीं शताब्दी में रखते थे क्योंकि
1. उस समय राज्य ऋण लेने के लिए महाजनों पर निर्भर रहते थे।
2. अठारहवीं शताब्दी में महाजन लोग राजा के करीब होते थे।
3. उस समय राजा उनकी बातें मानते थे।

**प्रश्न 5. क्या अध्याय में उल्लिखित कोई भी राज्य आपके अपने प्रांत में विकसित हुए थे? यदि हाँ, तो आपके विचार से अठारहवीं शताब्दी का जनजीवन आगे इक्कीसवीं शताब्दी के जनजीवन से किस रूप में भिन्न था ?**
उत्तर: छात्र स्वयं करें।

## आइए करके देखें

**प्रश्न 6. राजपूतों, जाटों, सिक्खों अथवा मराठों में से किसी एक समूह शासकों के बारे में कुछ और कहानियों का पता लगाएँ।**
उत्तर: छात्र स्वयं करें।